
# टैक्स बचाने की नहीं, देने की मानसिकता हुयी विकसित

**भोपाल, 6 फरवरी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को एलएनसीटी ऑडिटोरियम में केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रचार अभियान के तहत आयोजित महिला संवाद को संबोधित किया.**

इस दौरान खण्डेलवाल ने कहा कि 2014 के बाद देश में टैक्स देने की मानसिकता का एक बड़ा बदलाव आया है और आज लोग टैक्स बचाने के बजाय इसे ईमानदारी से चुकता करना चाहते हैं, यह मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण योगदान है. प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं, जिनसे महिलाएं आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी. भारत की इकोनॉमी आने वाले समय में दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे बेहतर होगी. यह बजट उस संकल्प को दर्शाता है, जिसमें न केवल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित किया गया है, बल्कि समग्र रूप से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई दूरगामी कदम उठाए गए हैं. कार्यक्रम को प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे और पार्टी के जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने भी संबोधित किया.

खण्डेलवाल ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की कमान संभाली, तब भारत 11वें नंबर की इकोनॉमी था. बेरोजगारी और इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में देश काफी पिछड़ा हुआ था. उस समय देश का टैक्स कलेक्शन इस स्थिति में था कि सरकारी कर्मचारियों की सैलरी का खर्च भी पूरी तरह से नहीं निकल पाता था. 1980-1990 के दशक में इनकम टैक्स का स्लैब 60 प्रतिशत तक था, और इसके ऊपर 12 प्रतिशत सरचार्ज भी लगता था. इसके अतिरिक्त, कंपल्सरी डिपॉजिट स्कीम के तहत 4 प्रतिशत और पीपीएफ में 15 प्रतिशत राशि डालनी पड़ती थी.

खण्डेलवाल ने कहा कि अमेरिका, जापान और अन्य विकसित देशों की इकोनॉमी में उनका कर्ज उनकी जीडीपी से कहीं अधिक है, लेकिन भारत अपने कर्ज को नियंत्रित करने में सक्षम है. पहले बजट में हम सिर्फ यही चिंता करते थे कि साबुन महंगा हो गया या कपड़े सस्ते हो गए, लेकिन अब नया बजट दुनिया के नक्शे कदम पर आधारित है.



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय बजट को लेकर किया संवाद

### बौद्ध सर्किट के निर्माण से होगा बड़ा बदलाव

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत के पर्यटन क्षेत्र में बौद्ध सर्किट के निर्माण से बड़ा बदलाव आने वाला है, जो न केवल आंतरिक बल्कि अंतराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा. जापान, बर्मा और अन्य बौद्ध देशों के लोग भारत आना चाहते थे, लेकिन बौद्ध सर्किट के अभाव में उन्हें सुविधाएं नहीं मिल पा रही थीं. अब सरकार ने बौद्ध सर्किट बनाने का निर्णय लिया है, जिससे इन देशों से पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी. इस पहल से भारत को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन में नया मुकाम मिलेगा. अगर पहले की सरकारों ने इस दिशा में ध्यान दिया होता तो आज हमारा देश आर्थिक और पर्यटन के मामले में कहीं आगे होता. सरकार ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है. बजट में महिला हॉस्टल, कौशल विकास कार्यक्रम और स्व- सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए गए हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी.

# दलहन उत्पादन बढ़ाने विशेषज्ञ करेंगे आज चिंतन

## सीहोर में रहेंगे सीएम और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में 7 फरवरी को दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन के तहत राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा.**

सम्मेलन में उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श होगा. दलहन क्षेत्र की मूल संवेदनाओं, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी. देश के प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण, दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, सरकारी बीज उत्पादक संस्थाएं, दाल उद्योग से संबंधित प्रतिनिधि एवं अन्य सहयोगी एजेंसियां भाग लेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री चौहान द्वारा खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र की अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा.



किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि सम्मेलन में दलहन उत्पादन को सुदृढ़ करने, किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता सुधार पर अपने विचार साझा किये जायेंगे. यह सम्मेलन दलहन क्षेत्र में नीति निर्धारण और अनुसंधान में मील का पत्थर साबित होगा. सम्मेलन का उद्देश्य किसानों तक नवीन शोध, गुणवत्तापूर्ण बीज, आधुनिक खेती पद्धतियों तथा बाज़ार से जुड़ी जानकारी पहुंचाना है, जिससे दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके.

### इन राज्यों के कृषि मंत्री होंगे शामिल

राष्ट्रीय सम्मेलन में उड़ीसा से कनकवर्धन सिंह देव, पंजाब से सरदार गुरुमीत सिंह खुडियन, छत्तीसगढ़ से रामविचार नेताम, बिहार से राम कृपाल यादव, गुजरात से रमेशभाई कटारा, उत्तर प्रदेश से सूर्य प्रताप साही, हरियाणा से श्याम सिंह राणा, पश्चिम बंगाल से सोवानदेव चट्टोपाध्याय शामिल होंगे. कार्यक्रम की शुरूआत 7 फरवरी को सुबह 10.45 बजे पौध-रोपण से होगी. केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान कृषि की उन्नत प्रौद्योगिकियों एवं दलहन की नई किस्मों का अवलोकन करेंगे और किसानों से संवाद करेंगे.

# महाकालेश्वर में इस बार 10 दिनों तक मनेगी महाशिवरात्रि

**उज्जैन, 06 फरवरी. मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के राजाधिराज भगवान महाकालेश्वर मंदिर में इस बार 10 दिनों तक महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा.**

आज से शुरू हुई नवरात्रि के दौरान भगवान महाकालेश्वर हर दिन दूल्हा बनेंगे और प्रतिदिन नया श्रृंगार किया जाएगा. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सूत्रों ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज शुक्रवार से शिव नवरात्रि के आरंभ के साथ उत्सव के पहले दिन परंपरा के अनुसार सबसे पहले नैवेद्य कक्ष में भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन हुआ जिसके पश्चात भगवान कोटेश्वर महादेव का विशेष पूजन-अभिषेक और आरती की गई.



सूत्रों ने बताया कि मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि उत्सव तिथियों की बढ़ोतरी के कारण 10 दिनों (6 से 15 फरवरी) तक मनाया जाएगा. आज कोटेश्वर महादेव पूजन से शुरू होने वाले पर्व में भगवान महाकालेश्वर का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार होगा.

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पंडित मिश्रा से की भेंट

### जागरूकता फैलाने के लिए समर्थन मांगा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 06 फरवरी. गौमाता की कथित हत्या और अवैध गौमांस तस्करी की लगातार हो रही घटनाओं को लेकर अमित शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट की.**

प्रतिनिधिमंडल ने गौमाता की रक्षा के प्रयासों को सशक्त बनाने और इस विषय पर समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए उनका समर्थन मांगा. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल महापौर, मेयर-इन-काउंसिल के सदस्यों तथा स्लॉटर संचालन की अनुमति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई. सदस्यों ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए तत्काल और सख्त कदम उठाना आवश्यक है. पंडित प्रदीप मिश्रा ने इस अभियान का समर्थन करते हुए आशीर्वाद दिया और समाज से गौमाता की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया. इस अवसर पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती भी उपस्थित रहे.





# घूसखोर पंडित फिल्म के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने खोला मोर्चा

**ग्वालियर, 6 फरवरी. घूसखोर पंडित फिल्म के खिलाफ सकल ब्राह्मण समाज ने मोर्चा खोल दिया है. समाज ने कहा कि यदि दो दिन के अंदर उक्त फिल्म को बंद नहीं किया गया तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज धरना देगा.**

सकल ब्राह्मण महासमिति के संरक्षक जयवीर भारद्वाज ने आज पत्रकार वार्ता में कहा कि यह ब्राह्मण समाज के खिलाफ षड्यंत्र है. हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं. उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह फिल्म दो दिन में बंद नहीं की गई तो संपूर्ण ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा एवं एसपी को ज्ञापन सौंपेगा. घूसखोर पंडित फिल्म का पूरे देश की भांति ग्वालियर में भी विरोध हो रहा है. ब्राह्मण नेताओं ने कहा कि एक और जहां मध्य प्रदेश में सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

# उत्तरी हवाओं से मध्यप्रदेश में फिर बढ़ी ठंड



8 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल ,06 फरवरी. वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सिस्टम के कमजोर पड़ते ही मध्य प्रदेश में सर्दी ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है. प्रदेश में उत्तरी हवाओं के तेज होने से दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है.**

हालात ऐसे हैं कि ग्वालियर समेत प्रदेश के 8 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक, बीते एक सप्ताह से सक्रिय मौसम प्रणालियों के कमजोर होने के बाद गुरुवार को प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में स्पष्ट गिरावट दर्ज की गई. बुधवार-गुरुवार की रात ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा. वहीं 30 से अधिक जिलों में हल्के से घने कोहरे ने सुबह की रफ्तार थाम दी.

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क बना रहा. उज्जैन, रीवा और सागर संभागों में अधिकतम तापमान में 2.5 से 3.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि शेष संभागों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं हुआ.

> मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में 3.1 किमी ऊंचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है. इसके साथ ही मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ पवनों में एक ट्रफ 5.8 किमी ऊंचाई पर फैला हुआ है. पूर्वोत्तर भारत के ऊपर उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम लगभग 240 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही है. मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि ग्वालियर, दतिया, भिंड, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं-कहीं मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है. वहीं 8 फरवरी की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर आगे चलकर प्रदेश के मौसम पर भी पड़ सकता है.

# ट्रक-ऑटो की टक्कर में 2 की मौत

### 04 गंभीर रूप से हुए घायल

**पन्ना, 6 फरवरी. कोठी-मझगवां मार्ग पर गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. पत्थरों से लदे ट्रक और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**

ऑटो मोहंद्रा से कोठी की ओर जा रहा था, जबकि ट्रक कोठी से मोहंद्रा की ओर आ रहा था. मझगवां के पास तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में मुकेश पिता विश्वनाथ कटेंहा उम्र 44 वर्ष एवं यश यादव पिता प्रीतम यादव उम्र 10 वर्ष, दोनों निवासी मोहद्रा, की मौके पर ही मौत हो गई. ऑटो में सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों एवं पुलिस की सहायता से घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय कटनी रेफर कर दिया गया. घायलों में महिलाएं व बच्चे शामिल हैं:- सूचना मिलने पर मोहंद्रा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जप्त कर लिया.



# निर्माण कार्य :15 से चोपरा फाटक बंद

### वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**भोपाल,06 फरवरी. भोपाल मंडल के अंतर्गत निशातपुरा-सुखी सेवनिया रेलखंड पर स्थित समपार फाटक क्रमांक 255 ( कि.मी. 844/8-10 ), जिसे चोपरा फाटक के नाम से जाना जाता है, पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है.**

इस निर्माण कार्य के चलते 15 फरवरी से समपार फाटक पर समस्त प्रकार का यातायात पूर्णत: बंद रहेगा. रेलवे प्रशासन ने इस संबंध में जिला प्रशासन को पूर्व से ही सूचित कर दिया है. फाटक बंद होने से आमजन और यात्रियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. यात्री एवं वाहन चालक चोपरा नाला, खेजरा बारामत अंडरपास तथा भोपाल बायपास मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं.

भोपाल मंडल ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि के बाद चोपरा फाटक का उपयोग न करें और सुरक्षित व सुगम आवागमन के लिए केवल निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें. रेलवे प्रशासन ने निर्माण कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आमजन से सहयोग की अपेक्षा की है. रेलवे अधिकारियों के अनुसार आरओबी निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में यातायात अधिक सुचारू होगा और समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी. निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे.



# डायल 112 ने 7 दिनों में 57 लोगों की जान बचाई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 06 फरवरी. मध्यप्रदेश में संचालित डायल-112 आपातकालीन सेवा त्वरित कार्रवाई, मानवीय संवेदन शीलता और जन-सुरक्षा का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है. बीते सात दिनों के दौरान डायल-112 टीमों ने प्रदेशभर में 57 लोगों को समय पर सहायता और राहत प्रदान कर उनकी जान बचाई. इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं.**

मुरैना जिले में ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में घायल एक बुजुर्ग को डायल-112 कर्मियों ने प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल अस्पताल पहुंचाया. वहीं, अम्बाह क्षेत्र में रास्ता भटकी सात वर्षीय बच्ची को सुरक्षित तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. इसी तरह सिवनी, शिवपुरी, खरगोन, सागर, छतरपुर, भोपाल, सतना, जबलपुर, अशोकनगर, श्योपुर, नर्मदापुरम, रीवा, बालाघाट, बड़वानी, उज्जैन, टीकमगढ़, इंदौर और छिंदवाड़ा जिलों से भी त्वरित कार्रवाई के मामले सामने आए.



> इन जिलों में डायल-112 टीमों ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को सहायता पहुंचाई, जहरीले पदार्थ का सेवन करने वालों को समय पर अस्पताल पहुंचाया तथा लापता बच्चों और बुजुर्गों को खोजकर सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया। एम्बुलेंस और अस्पतालों के साथ समन्वय के जरिए समय पर इलाज सुनिश्चित किया गया, जिससे प्रदेश में आपातकालीन प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा में डायल-112 की अहम भूमिका एक बार फिर सामने आई।

## पेज एक का शेष

### सरकार हर हाल में उद्योगों के साथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने टैक्स में कमी की है और अब उद्योग को फिर से आगे बढ़ाना उद्योग जगत की जिम्मेदारी है. उन्होंने आशा जताई कि संख्या फिर से 2300 तक पहुंचेगी. प्रदर्शनी में 200 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां भाग ले रही हैं और कई देशों की कंपनियां लाइव डेमो प्रस्तुत कर रही हैं. इसमें दाल, चावल, आटा, मसाले, बेसन, सोया, मक्का, बीज और अन्य फूड प्रोसेसिंग मशीनरी व टर्न-की प्लांट्स का प्रदर्शन हो रहा है, जिससे उद्योग को उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के नए तरीके सीखने का अवसर मिल रहा है.


**कहर** सत्तर वर्षीय बुजुर्ग ने भी दम तोड़ा, पत्नी की हुयी थी एक माह पहले मौत

# भागीरथपुरा दूषित पानी हादसे में 33वीं मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 6 फरवरी. भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैले संक्रमण के बीच एक और बुजुर्ग की मौत हो गई. अरविंदो अस्पताल में भर्ती 70 वर्षीय अलगूराम यादव के निधन के बाद मौतों का आंकड़ा 33 पहुंच गया. इस मामले में सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने मृतक के पहले से बीमार होने की बात कही है.**

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैले संक्रमण का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार देर रात अरविंदो अस्पताल में इलाज के दौरान 70 वर्षीय अलगूराम यादव की मौत हो गई. उन्हें 9 जनवरी को उल्टी-दस्त और सांस संबंधी तकलीफ के चलते भर्ती कराया था. इस हादसे में अब तक 33 लोगों की जान जा चुकी है. दर्दनाक पहलू यह है कि इसी संकट में अलगूराम यादव की पत्नी उर्मिला यादव की भी एक माह पूर्व मौत हो चुकी है. उर्मिला को भी उल्टी-दस्त के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था. एक ही परिवार में दो मौतों ने पूरे मोहल्ले को झकझोर कर रख दिया है. मृतक के बेटे संजय यादव का कहना है कि पिता को पहले से कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. दूषित पानी पीने के बाद तबीयत बिगड़ी और अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां उनकी जान चली गई. वर्तमान में अब भी तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि अब तक 450 से अधिक मरीज इलाज के बाद डिस्चार्ज हो चुके हैं. ज्ञात हो कि इससे पहले 1 फरवरी को 32 वीं मौत दर्ज हुई थी. 65 वर्षीय अनिता कुशवाह एक महीने से अधिक समय तक बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती रहीं और वेंटिलेटर पर रहने के बाद उनकी भी मौत हो गई थी. परिजनों ने तब भी किसी पुरानी बीमारी से इनकार किया था.



अस्पताल में इलाज के दौरान 70 वर्षीय अलगूराम यादव की मौत हो गई.

### पहले से थे लकवाग्रस्त...

> भागीरथपुरा में रहने वाले 70 वर्षीय अलगूराम यादव लंबे समय से अरविंदो अस्पताल में भर्ती थे. वे पहले से लकवा पीड़ित थे, उनकी दाहिनी जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर भी था तथा वे अन्य बीमारियों से भी ग्रसित थे.
>
> – मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला इंदौर

# कानूनी प्रक्रिया के गलत प्रयोग पर सख्ती

## हाईकोर्ट ने सेशन ट्रायल कोर्ट का आदेश किया निरस्त

**जबलपुर, 06 फरवरी. अपराधिक प्रकरण में सेशन कोर्ट द्वारा आरोप तय किये जाने के बाद ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपी बनाते हुए समन जारी किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपराधिक पुनर्विचार याचिका दायर की गयी थी.**

हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने कानून प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल किया है. सेशन ट्रायल कोर्ट ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आरोप तय कर दिये थे. ट्रायल कोर्ट ने आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता पक्ष की तरफ से पेश आवेदन पर पुन संज्ञान लेते हुए याचिकाकर्ता पिता-पुत्र के नाम अपराधियों की सूची में शामिल करने के आदेश जारी यिके. आरोप तय होने के बाद प्रकरण पर दूसरी बार संज्ञान नहीं लिया जा सकता है. यह मामला छतरपुर जिले के ग्राम मुंडेरी निवासी गणेश प्रसाद गर्ग तथा उनके पुत्र बबलू मिश्रा की तरफ से दायर आपराधिक पुनर्विचार याचिका से जुड़ा है.

> याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि अभियोजन के द्वारा पेष आरोपियों की सूची में उनका नाम नहीं था. पुलिस विवेचना में भी यह पाया गया था कि वह घटनास्थल में मौजूद नहीं थे. चुनावी रंजिष के कारण उन्हें फंसाया गया है. आवेदक बब्बू मिश्रा की पत्नी गांव की सरपंच है. शिकायतकर्ता की आवेदक गणेश प्रसाद मिश्रा के परिवार के सदस्य है. एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सेशन कोर्ट ने पहली ही संज्ञान लेते हुए चार्जशीट के साथ अटैच पुलिस दस्तावेज पर विचार करने के बाद आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करते हुए गवाही प्रारंभ करने के आदेष जारी किये थे. ट्रायल कोर्ट द्वारा पुन संज्ञान लेते हुए समन जारी करना कानून प्रक्रिया के तहत नहीं है.